भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 519**

06 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

## प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत परियोजनाएं

**519. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी :**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या नवम्बर, 2022 में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के दीर्घकालिक हस्तक्षेप के अंतगर्त ऑपरेशन ग्रीन्स के एक भाग के रूप में समुद्री क्षेत्र के अंतर्गत झींगा से संबंधित दो परियोजनाओं को आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के लिए 158 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अनुमोदित किया गया है;

**(ख)** यदि हां, तो क्या एक परियोजना पूरी हो चुकी है और यदि हां, तो दूसरी परियोजना की स्थिति क्या है; और

**(ग)** दूसरी परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) से (ग):** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) ऑपरेशन ग्रीन्स योजना-दीर्घकालिक हस्तक्षेप के तहत मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में समुद्री क्षेत्र के अंतर्गत झींगा से संबंधित दो परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। इनमें से एक परियोजना मेसर्स अल्फा मरीन लिमिटेड पूरी हो चुकी है और दूसरी परियोजना मेसर्स फाल्कन मरीन एक्सपोर्टस लिमिटेड को 12.12.2024 से रद्द कर दिया है, क्योंकि परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) मंत्रालय द्वारा जारी अनुमोदन पत्र के अनुसार परियोजना को निष्पादित करने में विफल रही।

*****